# कम लागत के लघु उद्योग

## 1. छोटा फ़ास्ट फ़ूड का व्यापार Small Fast-Food Business

India में Fast Food का व्यापार दिनों दिन बढ़ता चला जा रहा है। इसमें कुछ मुख्य प्रकार के Food Items बनाये जाते हैं जैसे Burgers, Egg Rolls, Noodles, Manchurian इत्यादि। यहाँ पर हम बात कर रहे हैं छोटे फ़ास्ट फ़ूड व्यापार के विषय में ना की बड़ी कंपनियों की फ्रैंचाइज़ी के विषय में। ऐसे Small Fast Food Business में ज्यादातर फ़ास्ट फ़ूड बनाने वाला ही उस Business का Owner होता है।

जो लोग अपने घरों में Fast Food बनाने में माहिर हैं वे इस व्यापार की शुरुवात कर सकते हैं। फ़ास्ट फ़ूड की दुकान खोलने के लिए आपको ज्यादा लागत की आवश्यकता नहीं है। बस आपको फ़ास्ट फ़ूड बनाने के लिए Ingredients और Shop के लिए Rent की आवश्यकता होगी। अगर शॉप के लिए आपके पास स्वयं की जगह है तो यह और भी अच्छा है।

## 2. कार्ड छपाई का व्यापार Cards Printing Business

आजकल, ज्यादातर लोग अपने कई प्रकार के Meeting, Birthday, Marriage और कई अन्य Events के लिए Invitation Cards छपवाने के लिए जगह ढूँढ़ते हैं। ऐसे में यह व्यापार आज के युग में Top पर है।

आप अपने एक्सपीरियंस या नॉलेज के अनुसार किसी एक Niche जैसे शादी, जन्मदिन, मीटिंग में से किसी एक को चुन कर भी अपना व्यापार शुरू कर सकते हैं। अगर आपको Printing Machine, Designing के बारे में अच्छा ज्ञान है तो आप इस व्यापार में बहुत पैसे कमा सकते हैं।

## 3. घर की सजावट Home Decoration

यह बहुत ही नया Business Idea है जो इन 1-2 सालों में Trendy होता जा रहा है। यह व्यापार खासकर Creative दिमाग वाले लोगों के लिए है। इसमें आपको कुछ भी Invest करने की आवश्यकता नहीं होती है। बस आपको अपने दिमाग का उपयोग करना है और अपने Customer के पैसों से ही उनके घर को सजाना है। इसमें कई प्रकार की जगह हो सकती हैं जैसे घर, ऑफिस, अपार्टमेंट्स, स्कूल इत्यादि।

## 4. बढ़ईगीरी का व्यापार Carpentry Business

बढ़ईगीरी का व्यापार या Carpentry Business हमेशा Demand में रहा है और शादी के समय में तो बोलिए ही मत इसमें जो कमाई है और किसी छोटे व्यापार में नहीं। अगर Carpentry आपकी Hobby है और अगर आप लकड़ी के Furniture बनाने में Expert हैं तो आपको अपना एक छोटा व्यापार शुरू करना चाहिए।

लकड़ी के फर्नीचर बनाना भी एक बहुत बडी कला है जिसका इस आधुनिक युग में बहुत ही सम्मान है। कुछ लोग इसमें Designing के मामले में अच्छे हैं तो कुछ लोग Engineering के मामले में। सबसे अच्छी बात यह है कि आज आप अगर चाहें तो अपने लकड़ी के Furniture को Online भी Shopping वेबसाइट पर बेच सकते हैं।

## 5. नौकरी के लिए भर्ती सेवा Job Recruiting Services

Recruiting Agency एक ज़बरदस्त Low Investment Business Idea है जिसमें आपको लोगों के लिए अच्छे Job ढूँढने होंगे। इस व्यवसाय में आपका मुख्य कार्य होता है विभिन्न कंपनियों में खाली जगहों को लोगों से Temporary या Permanent बेसिस पर Job दिला कर पूर्ण करना।

इस व्यापार को शुरू करने के लिए आपको Investment तो कम लगेगा पर इसमें बहुत ही मजबूत बिज़नेस प्लान की आवश्यकता होती है। जैसे कि एक अच्छा एक्सपीरियंस, जॉब दिलाने के तरीकों का ज्ञान, कानून और लाइसेंस से जुडी जानकारी, टैक्स और एक बहेतर मार्केटिंग प्लान की आवश्यकता होती है।

## 6. फ्रीलांसर Freelancer Business

यह व्यापार Temporary भी हो सकता है और Permanent भी। वर्तमान समय में बहुत सारे लोग Internet पर इस कार्य को कर रहे हैं। एक Freelancer वो Self Employed लोग होते हैं जो कुछ पैसे ले कर अपने Skills को इस्तेमाल करके किसी दुसरे का कार्य पूरा करते है।

उदहारण के लिए जैसे किसी को अपनी कंपनी का लोगों बनवाना हो, वेबसाइट से जुडी कुछ चीजों को सुधारना हो, किसी के लिए आर्टिकल लिख कर या कोई भी ऐसा काम जो दुसरे व्यक्ति को ना आता हो। Freelancer के व्यापार के लिए आपको किसी भी प्रकार का Investment नहीं करना पड़ता है।

## 7. शौपिंग वेबसाइट पर सामान बेच कर Selling Products on Shopping Websites

अगर आपका पहले से कोई बिज़नेस है या आपकी कोई Shop है जिसके Products की बिक्री सही से नहीं हो रही है तो सबसे अच्छा Idea है अपने Products को Online Shopping वेबसाइट पर बेचना। इससे सबसे ज्यादा फायदा यह है कि आपको Online ज्यादा से ज्यादा Customer भी मिलेंगे और बिक्री भी ज्यादा होगी।

इसमें आपके लिए कोई Boundation नहीं होती है क्योंकि सोचिये अगर आप Delhi में रहते हैं तो घर बैठे अपने सामान को भारत के हर राज्यों के शहर और गाँव में पहुंचा सकते हैं।

## 8. नृत्य कक्षाएं Dance Classes

अगर आपको Dance में Interest है और आप बहुत अच्छा नाचते हैं और लोग अगर आपसे नृत्य सीखना चाहते हैं तो आपना खुद का Dance Classes शुरू कर सकते हैं। आप अपने नृत्य के Style को अपनी पहचान बना सकते हैं।

आप चाहें तो अपने घर में भी Dance Classes ले सकते हैं अगर आपके घर में उतनी जगह ना हो तो आप किराये पर भी जगह ले सकते हैं। आप अपनी सुविधा अनुसार Group और Private दोनों प्रकार की Classes ले सकते हैं ।

## 9. सिलाई और कपड़े डिजाइन का व्यापार Tailoring and Clothes Designing

क्या आप बहुत ज़बरदस्त सिलाई करते हैं और कपडे डिजाईन करना आपको बहुत अच्छा लगता है और आप किसी नौकरी की तलाश में हैं? अगर ऐसा है तो मैं आपको बता देना चाहता हूँ कि यह समय नौकरी ढूँढने का नहीं बल्कि यह समय अपना खुद का सिलाई और कपडे डिजाईन करने का व्यापार शुरू करने का है।

आप अपने घर में भी सिलाई का व्यापार शुरू कर सकते हैं । लोगों को सिलाई सिखा कर पैसे कमा सकते हैं। आप चाहें तो अच्छे Dresses सिलकर बेच सकते हैं। यह टाइम फैशन का है और ऐसे में यह Business 99% सफल होगा।

## 10. घर में ब्यूटी पार्लर Beauty Parlour at Home

ब्यूटी पार्लर आज की पीढ़ी का एक बहुत तेज़ी से दुनिया भर में Grow करता हुआ व्यापार है। सैलून और ब्यूटी पार्लर आज के दिन का ज़बरदस्त बिज़नेस है जिसमें ढेर सारी Opportunity है, खासकर महिला Entrepreneurs के लिए जो इस चीज़ में Expert हैं।

इसे भी पढ़ें - सिबिल स्कोर कैसे बढ़ाएं? उपाय How to increase your CIBIL score in Hindi?

ब्यूटी पार्लर आप बहुत कम पैसों में शुरू कर सकते हैं। आपको शुरुवात के लिए कुछ अच्छे कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स, ब्यूटी टूल्स के साथ Parlour के लिए एक अच्छा सी जगह की जरुरत है, वो आपका घर भी हो सकता है या कोई Rented जगह भी।

## 11. इलेक्ट्रॉनिक चीजों की रिपेयरिंग Repairing Electronic Equipment

आज कल इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद हर जगह है चाहे घर हो या ऑफिस। चाहे TV हो या Cooler हर दिन इलेक्ट्रॉनिक चीजों का इस्तेमाल बढ़ता जा रहा और जितनी तेज़ी से इसका इस्तेमाल हो रहा है उतनी ही तेज़ी से इलेक्ट्रॉनिक मशीन ख़राब भी हो रहे हैं। ऐसे में Electronic Equipment Repairing के व्यापार की बहुत ज़रुरत है।

तो आप जब भी इलेक्ट्रॉनिक चीजों की रिपेयरिंग शॉप खोलेंगे वो बहुत चलेगी। इस व्यापार में लागत बहुत ही कम है पर इसके लिए अच्छा Experience होना बहुत आवश्यक है Training Certificate के साथ।

## 12. ट्यूशन सेंटर Running a Tuition Centre at Home

जी हाँ, आप अपना ट्यूशन सेंटर घर में शुरू कर सकते हैं अपने Education Qualification के अनुसार। आज के युग में कई ऐसे युवा लड़के और लडकियां हैं जो पढाई भी कर रहे हैं और साथ में Tuition Classes भी अपने घरों में ले रहे हैं।

इस व्यापार में आपकी कमाई आपके समय देने के ऊपर होती है और Investment में आपको बस एक कमरे की आवश्यकता होती है । अगर आप एक छोटा सा Tuition Centre शुरू करना चाहते हैं तो आप कुछ अन्य-अन्य Subjects के शिक्षकों को मिलाकर भी शुरू कर सकते हैं।

## 13. छोटी किराने की दुकान Small Grocery Shop

किराने की दुकान शुरू करना बहुत ही आसान व्यापार है। इसमें बस आपको Wholesaler से किराने का सामान खरीद कर लाना होता है और लोगों को Retail दामों पर बेचना होता है। इस व्यापार में सबसे बड़ा कार्य अपने समानों के खरीदी और बिक्री का सही Record लिख कर रखना है ।

## 14. आइसक्रीम पारलर Ice Cream Parlor

यह बिज़नेस नए लोगों के लिए बहुत ही अच्छा है। इसमें बहुत ही छोटा Investment हैं और इस नए दौर में लगभग 70% लोग आइसक्रीम के दीवाने हैं। बस जरूरत है एक अच्छी जगह की जहाँ आप आइस क्रीम पारलर की शुरुवात कर सकें। इसको शुरू करने के लिए जैसे आइस-क्रीम बनाने का सामान, मशीन और फ्रिज ताकि आइसक्रीम को Store करके रख सकें।

## 15. इबुक लिख और बेच कर eBook Writing and Selling

इबुक एक किताब का ऐसा इलेक्ट्रॉनिक वर्जन है जो मोबाइल फोनों और कंप्यूटर पर पढ़ा जा सकता है। आज की इस ऑनलाइन दुनिया में बहुत सारे लोग इन्टरनेट पर Ebook खरीदते हैं और बेचते भी हैं।

अगर आपको किताबें लिखना अच्छा लगता है तो आप उसका Electronic Version बना कर Internet पर बेच सकते हैं और खूब पैसे कमा सकते हैं। इबुक बेचने के लिए कुछ ज़बरदस्त वेबसाइट हैं जैसे - Amazon, SeoClerks, Fiverr, Payhip, Selz, Feivr है।

## 16. ब्लॉग्गिंग Blogging

ब्लॉग्गिंग इन्टरनेट पर अपने ज्ञान को साझा करने के साथ-साथ पैसे कमाने का एक अच्छा उपाय है। आज इन्टरनेट पर बहुत सारे ब्लॉगर Blogger जुड़ चुके हैं जो ब्लॉग्गिंग को अपना व्यवसाय और जिंदगी बना चुके हैं। अपने ब्लॉग पर खुद की Knowledge को शेयर कर सकते हैं और लोगों को अच्छे Tips भी दे सकते हैं।

आपको बस अपना ब्लॉग Online बनाना है और अपना Post लिख कर Publish करना होता है। इसके लिए आपको किसी भी प्रकार की क्वालिफिकेशन की आवश्यकता नहीं होती है। हर कोई व्यक्ति Blogging कर सकता है। उदहारण के लिए आप एक Essay Blog भी बना सकते हैं।

## 17. जूस की दुकान Juice Shop

जूस पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक होता है और लोग हमेशा अच्छा ताज़ा जूस पीना पसंद करते हैं। आपने शायद ही ऐसा कोई Juice Shop देखा होगा जो कभी खाली पड़ा हो। जूस की Demand हमेशा रही है और रहेगी 1

जूस की दुकान की शुरुआत आप बहुत कम लागत से कर सकते हैं और इसमें कमाई भी अच्छी है। आप तरह-तरह के फलों का जूस बेच सकते हैं और कुछ मिक्स फ्रूट जूस भी। आप चाहें तो अपने जूस की दुकान में कुछ स्नैक्स भी बेच सकते हैं।

## 18. मत्स्य व्यवसाय Fishery Business

मत्स्य कृषि या फार्मिंग में आप बहुत अच्छा पैसा कमा सकते हैं बस आपको सही जगह और ट्रेनिंग की आवश्यकता है। इस व्यापार की खास बात यह है कि आप मछली, कृषि अपने स्वयं के तालाब या भाड़े से लिए हुए तालाब में भी कर सकते हैं। मछली स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक है और एक अच्छा फैट सोर्स है। आपको इस व्यापार के लिए छोटा मछली चारा यानि की छोटी मछलियां खरीद कर लाना होता है और उन्हें तालाब में बड़ा करना पड़ता है। इसके लिए उनके स्वास्थ्य की जानकारी, सही मछली दाना का उपयोग करना बहुत आवश्यक है।

## 19. ज़ेरॉक्स और लेमीनेशन Xerox and Lamination Business

ज़ेरोक्स, लेमीनेशन और किताबें बाइंडिंग का काम सभी शहरों का पारंपरिक व्यापार है जो कई वर्षों से चलता आ रहा है। यह व्यापार कोई भी अकेला व्यक्ति आसानी से शुरू कर सकता है और इसमें लागत भी बहुत कम है। इस व्यापार में आपको खासकर 2-3 इलेक्ट्रॉनिक मशीनों की आवश्यकता पड़ती है जैसे ज़ेरॉक्स मशीन, लेमीनेशन मशीन, और कंप्यूटर।

इन सामानों को खरीदने के बाद आपको दुकान के लिए एक किराये की जगह की आवश्यकता होगी और कुछ छोटे मोटे खर्चे जैसे इंक, टोनर, कागज़, और बिजली का बिल देना होगा। यह व्यापार एक 6X6 फीट के कमरे में भी शुरू किया जा सकता है।

## 20. मोबाइल एप बना कर Mobile Application Developer

अगर आप एक App प्रोग्रामर हैं या आपको प्रोग्रामिंग की अच्छी Knowledge है तो आप एक Mobile App Developer बन सकते हैं। आप अपने मोबाइल App को किसी कंपनी को बेच कर या App के अन्दर Admob के Ads Put कर के भी पैसे कमा सकते हैं।

आप अपने App को अलग-अलग Smartphone कंपनी के Models के लिए बना कर अलग-अलग Store जैसे Google Play Store, App Store पर Publish भी कर सकते हैं।

## 21. कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर Computer Training Centre

एक कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर Computer Training Centre वो जगह होती है जहाँ लोग Computer को operate करने की Knowledge लेने के लिए आते हैं। अगर आपने Computer से जुडी उच्च शिक्षा प्राप्त की है और आपको एक Tuition Centre शुरू करने की अनुमति है तो आप जरूरत के अनुसार License ले कर कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर शुरू कर सकते हैं।

आप अपने Computer Center में Basic और Advance दोंनो प्रकार के Course पढ़ा सकते हैं अपने लाइसेंस के अनुसार। कंप्यूटर का युग बढ़ता जा रहा है ऐसे में यह एक बहुत ही Profitable Business Idea है। आप 2-3 कंप्यूटर रख कर एक छोटा सा कंप्यूटर सेंटर अपने घर में भी शुरू कर सकते हैं ।

## 22. ज़बरदस्त यूट्यूब विडियो बना कर Video Making Great YouTube Videos

आज यूट्यूब पर विडियो अपलोड करके लोग लाखों कमा रहे हैं। YouTube दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा Social Networking वेबसाइट है। आप अपना विडियो कुछ ही पल में YouTube पर उपलोड कर सकते हैं बस महत्वपूर्ण बात यह है कि विडियो किसी का कॉपी किया हुआ नहीं होना चाहिए और Viral होना चाहिए जो लोगों को पसंद आये।

आप अपने YouTube विडियो में Monetize के Option को On करके Adsense के Ads से खूब पैसे कमा सकते हैं बस उसके लिए आपको अच्छे Videos अपलोड करने होंगे। आपके YouTube channel के पोपुलर होने पर Sponsorship भी मिलती हैं जिनसे आप और पैसे कमा सकते हैं।

## 23. मोबाइल रिपेयरिंग Mobile repairing business

ये काम आजकल काफी चल रहा है। भारत में आज 70 करोड़ लोग फोन, स्मार्ट फोन का इस्तेमाल कर रहे है। हर दिन देश में नई नई कम्पनी आ रही है जो फोन बनाकर बेच रही है। आज के समय में मोबाइल रिपेयरिंग का करियर बहुत उज्जवल है।

हजारो लोगो के फोन रोज खराब होते है। बनाने वाले इंजीनियर की कमी है। इस काम को करने के लिए पहले आपको 20 से 30 हजार रुपये का निवेश करना पड़ेगा।

किसी संस्थान, ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट से मोबाइल रिपेयरिंग का काम सीखना पड़ेगा। उसके बाद आप खुद ही दुकान खोलकर रोज हजारो कमा सकते है। Hitech Institute of Mobile Repairing, Expert Institute of Advanced Technologies Delhi इसी तरह के इंस्टीट्यूट है। अगर आपके पास बिलकुल भी पैसा नही है तो भी कोई बात नही। आप अपने शहर की किसी दुकान पर जाकर मोबाइल रिपेयरिंग करना सीख सकते है।

## 24. सरकारी नौकरी का फॉर्म भरना Filling government forms

इस काम को करने के लिए आपको सिर्फ एक कम्प्यूटर, प्रिंटर और एक दुकान चाहिये। इसमें ज्यादा से ज्यादा 40-50 हजार का निवेश आपको करना पड़ेगा। आप दिन में हजार रुपये आराम से कमा सकते है। आजकल सभी सरकारी नौकरियों के फॉर्म ऑनलाइन भरे जाते है।

Sarkariresult.com, Sarkariexam.comजैसी वेबसाइट से सभी साइबर कैफे वाले फॉर्म भरते है। 5 से 15 मिनट एक फॉर्म भरने में लगता है। अगर फॉर्म छोटा है तो 60 रुपये दुकान वाले लेते है, अगर फॉर्म लम्बा है तो 100 से 120 रुपये दुकान वाले लेते है। आजकल ये काम बहुत अच्छा चल रहा है।

## 25. ट्रांसलेशन का काम Translation works

अगर आपको लिखना पढ़ना पसंद है तो ये काम आप कर सकते है। आजकल जर्मन, कोरियन, जापानी, रशियन, स्पेनिश, पुर्तगाली भाषा का काफी स्कोप है। आपके पास सिर्फ एक कम्प्यूटर और इंटरनेट सुविधा वाला फोन होना चाहिये। ये काम भी बहुत अच्छा है। आपको कही जाना भी नही पड़ेगा। आप घर बैठे ये काम कर सकते हैं।

आज इंटरनेट पर हजारो लोगो को ट्रांसलेटर की जरूरत होती है। moneybies.com, moneypantry.com upwork.com, freelancer.com, gengo.com इस तरह की साइट्स है जो ट्रांसलेशन का काम देती है। आप इसे घर से ही कर सकते हैं। इन साईट पर आप खुद की प्रोफाइल बनाकर आसानी से काम पा सकते है।

## 26. अगरबत्ती उद्योग Agarbatti (Incense Sticks) Making business

यह बहुत ही कम लागत वाला उद्योग है जो लगभग हर शहर में चल रहा है। आजकल मार्किट में हरिदर्शन, मंगलदीप, मोक्ष, पतंजली अगरबत्ती का अच्छा ब्रांड बन चुका है। सभी अच्छा पैसा कमा रहे है।

यह बिजनेस शुरू करने के लिए आपको कच्छा माल जैसे- लकड़ी के कोयले का बुरादा, लकड़ी पाउडर, मसाला, तीली, सुगंध जैसे केवड़ा, गुलाब, चन्दन, आदि की जरूरत होगी। अगरबत्ती बनाने की मशीन 50 हजार से 1 लाख रुपये तक की आती है।

## 27. मोमबत्ती Candle making Business

यह उद्योग आजकल बहुत कामयाब है। आपको 10 से 20 हजार तक निवेश करना पड़ सकता है। आपको सरकार से भी मदद मिल सकती है। यह बिजनेस 2 तरह से होता है। यदि आप छोटे स्तर पर काम करना चाहते है तो आपको सांचे की जरूरत होगी जोकि बहुत सस्ता होता है।

अगर बड़े पैमाने पर काम करना चाहेंगे तो मशीन की जरूरत होगी। आपको मोमबत्ती बनाने के लिए कच्चा मोम, धागा, ईथर, रंग खरीदना पड़ेगा।

## 28. अचार का व्यवसाय Pickle making Business

आजकल यह उद्योग बहुत प्रसिद्ध हो चुका है। हर शहर, कस्बे में यह व्यवसाय फल फूल रहा है। इसे शुरू करने के लिए 4 से 6 व्यक्तियों की जरूरत होती है। आम, अम्बार, गाजर, टेंटी, मिर्च, अदरक, लहसुन, लालमिर्च, नीबू का अचार बनाया जाता है।

आजकल लगभग हर सब्जी का अचार मार्किट में बिकता है। इसे शुरू करके घर की महिलायें और बेरोजगार व्यक्ति आत्मनिर्भर बन सकते हैं। इस व्यापार को आप 10 से 20 हजार में शुरू कर सकते हैं।

## 29. पापड़ बनाने का व्यापार Papad making Business

ये लघु उद्योग में आता है। इसकी शुरुवात सिर्फ 10 हजार रुपये से आप कर सकते है। आपको बैंक से आसानी से लोन भी मिल जायेगा। आपको इसे शुरू करने के लिए कुछ कामगारों की जरूरत होगी। किसी अनुभवी डिस्ट्रीब्युटर से आपको बात करनी होगी।

उसके द्वारा ही आपका बनाया पापड़ पूरे शहर की दुकानों पर बेचा जायेगा। अगर आपने सही कीमत पर अच्छी क्वालिटी दी तो कुछ ही दिनों में आपका व्यवसाय चल पड़ेगा और आप बहुत पैसा कमा सकते है।

आज के समय में मशहूर “लिज्जत पापड़” का बिजनेस सिर्फ 80 रुपये से शुरू हुआ था। अब 800 करोड़ बहुत गया है। इसमें आपको महंगी मशीनों की जरूरत भी नही होगी। इस काम को शुरू करने के लिए आपको 50 वर्ग गज जगह चाहिये।

## 30. बिंदी बनाने का व्यवसाय Bindi making Business

यह कुटीर उद्योग सिर्फ 12 हजार के निवेश से शुरू हो जाता है। घर की स्त्रियाँ इस काम को बड़े आराम से घर में कर सकती है। बिंदी बनाने के लिए कच्चा माल जैसे मखमली कपड़ा, गोंद, विभिन्न प्रकार के पत्थर जैसे रूबी, सेफायर, क्रिस्टल, मोती जैसी चीजो की जरूरत होती है।

इस व्यवसाय में 50% तक आप मुनाफा कर सकते हैं। कुछ मशीन की जरूरत पडती है जैसे कटिंग मशीन, प्रिंटिंग मशीन, डाई और इलेक्ट्रिक मोटर आदि।

## 31. पौधा नर्सरी व्यवसाय Plant nursery Business

हर कोई अपने घरो में सुंदर पौधे, गमले लगाना चाहता है। अच्छे पौधों की मुंह मांगी कीमत मिल जाती है। पौधों के शौक़ीन लोग पैसे का मुंह नही देखते है। ऊँची कीमत पर भी सुंदर पौधे खरीद लेते हैं। आजकल यह व्यवसाय बहुत प्रचलित है।

इसमें लागत के रूप में आपको सिर्फ 10 से 20 हजार रुपया खर्च करना पड़ेगा। इसे शुरू करने के लिए आपको थोड़ी उपजाऊ जमीन की जरूरत होगी जहाँ पर आप नये पौधों की पौध लगायेंगे।

## 32. नमकीन दालमोठ, भुजिया का व्यवसाय Snacks and Mixture Making Business

नमकीन का नाम लेते ही मुंह में पानी आ जाता है। आज बहुत से लोग यह व्यवसाय करके अच्छा पैसा कमा रहे हैं। हर बड़े से लेकर छोटे शहरों में यह व्यवसाय खूब चल रहा है। यह काम शुरू करने में आपको 30 से 50 हजार रूपये तक का निवेश करना पड़ेगा।

आपको 1000 स्क्वायर फिट की जगह की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए आपको पहले रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। आपको दो तरह की मशीन की जरूरत होगी- सेव मशीन और फ्रायर।

## 33. ज्वैलरी का काम Jewellery Production & sale

हमारी माता बहनों को ज्वैलरी का बड़ा शौक रहता है जिसके कारण उन्हें मार्केट में आने वाली हर एक नयी ज्वैलरी का इंतज़ार रहता है ऐसे में यदि आपको वर्तमान में चल रहे फैशन के बारे

में जानकारी है तो यह बिज़नेस आईडिया आपके लिए कारगर साबित हो सकता है l इस क्षेत्र में आप अपने नाम का ब्रांड ओपन करके स्मॉल बिज़नेस स्टार्टअप कर सकते है l

## 34. नाश्ते का कार्य Breakfast Center

अधिकतर हमें देखने को मिलता है कि सुबह के समय चौराहों और भीड़ भाड वाले इलाको में नाश्ते की दुकान या ठेले लगे होते है, जिस पर नाश्ता करने वालो की भीड़ जमा होती है l यह भी एक low cost बिज़नेस आईडिया हो सकता है जो तत्काल ही आपको रिटर्न्स भी देता है l

आजकल यह एक बहुत ही ज्यादा High Profit Business है यह एक ऐसा बिज़नेस है जिसे हर व्यक्ति तलाशता है l ऐसे में यदि आप यह बिज़नेस Start करते है तो आपका Business आसानी से चल पड़ेगा l

आप Breakfast सेण्टर 10,000 – 20,000 रूपए के Budget में खोल सकते है l इसके लिए अति आवश्यक आपके खाने की क्वालिटी है अच्छी क्वालिटी होने पर आपके ग्राहक आपसे Long-term Period के लिए जुडे रहेंगेl

## 35. सब्जी की दुकान Vegetable Shop

यह एक ऐसा home based business है जिसे आप अपने घर से ही शुरू कर सकते है l यदि आपकी गली में किसी भी प्रकार की सब्जी की दुकान नही है, तो यह टिप आपके लिए बहुत ही लाभदायक सिद्ध हो सकती है l क्योकि मार्केट में सूखी सब्जी की मांग ज्यादा है और इस व्यापार को शुरू करने के लिए बहुत ही कम लागत लगती है l आप इसे अच्छे और सस्ती पैकिंग में बेच कर भी अच्छा लाभ कमा सकते है l

## 36. ऑनलाइन कोर्स Online courses

यदि आप को किसी विषय में अच्छा ज्ञान है, जिसे आप लोगो तक पहुंचा सकते है तो यह आईडिया एक जबरदस्त ऑनलाइन बिज़नेस आईडिया है l इसमें आप एक ऑनलाइन कोर्स के माध्यम से बिज़नेस शुरू कर सकते है, क्योकि आजकल लोग अपने घर पर ही रह कर चीजों को सीख रहे है l यह आज के समय का बहुत ही डिमांडेड और स्वीकृत कोर्स है l

## 37. फोटोग्राफी आईडिया Photography Business

अपना खुद का फोटो स्टूडियो खोलना एक व्यापार है, जिसे बहुत ही कम लागत से घर से ही या फिर मार्केट से शुरू किया जा सकता है । बिज़नेस की सफलता आपकी फोटोग्राफी में स्किल्स एवं आइडिया पर निर्भर करती है । अपने घर में होने वाले कार्यक्रमों की यादें बनाने के लिए लोग फोटोग्राफी का सहारा लेते है । अत: यदि आप उनके इन यादगार पलो को संजोने में उनकी मदद करते है तो आप भी इस बिज़नेस में अच्छा खासा पैसा कमा सकते है ।

## 38. मोबाइल रिचार्ज शॉप Mobile Recharge Shop Idea

वर्तमान समय में मोबाइल रिचार्ज कराना लोगो की मुख्य जरूरतों में से एक बन गया है, इसके बिना लोग एक दिन भी नही रुक पाते । ऐसी स्थिति में यह बिज़नेस भी कम लागत से बिज़नेस करने जैसा है । इसके लिए यदि आपके पास कुछ ज्यादा नही है तो कोई समस्या की बात नही है, आपके पास केवल एक मोबाइल होना चाहिए । जिससे आप अपने भावी ग्राहकों के मोबाइल का रिचार्ज कर सको ।

## 39. रियल एस्टेट एजेंट Real Estate Agent

यह एक ऐसा काम है जो without investment के शुरू किया जा सकता है । लेकिन इसके लिए आपके पास किसी व्यक्ति को कनवेंस करने के गुण होने चाहिए । जिससे आप एक प्रॉपर्टी या अन्य सामान को बेच कर अपना शेयर कमा सकें । क्योंकि आज हर व्यक्ति अपना खुद का मकान या प्लाट चाहता है ऐसे में यदि आप उसकी रियल स्टेट एजेंट बन कर मदद करते है तो इसके एवज में आपको प्रॉपर्टी की कीमत का 1 से 2 प्रतिशत तक मिल सकता है । इसके लिए आपको बस खरीदने वाले और बेचने वाले की जानकारी होनी चाहिए ।

## 40. चाय की दुकान Tea stall

आज हर ऑफिस, घर, दुकानों आदि जगहों पर इस बिज़नेस की आवश्यकता देखने को मिलती है, क्योंकि दिन भर की थकान एक चाय ही है जो मिटाने का काम करती है । ऐसे में यह बिज़नेस बहुत तेज़ी से चल सकता है यदि आप ऐसी जगह चाय की दुकान खोलते है जहाँ मार्केट ऑफ़ कस्टमर ज्यादा है ।

## 41. संगीत सिखाकर Music Class

कई लोगो को संगीत का बहुत शौक होता है, जिसके कारण वो इस विषय में महारत हासिल कर लेते है । यदि आप भी उनमे से एक है, जो इस क्षेत्र में बहुत रूचि रखते है तो यह एक बिना

निवेश का बिज़नेस हो सकता है l जहाँ आप ऑनलाइन या ऑफलाइन क्लासेज देकर बिज़नेस कर सकते है और समय के साथ साथ अपने आप को एक ब्रांड बना सकते है l

## 42. टिफ़िन सेवा Tiffin Service

आज कई लोग अपनी नौकरी के कारण दूर शहरों में अपने परिवार से दूर रहते है, जिसके कारण उन्हें खाने की समस्या रहती है l ऐसे में यदि आपके हाथो में जादू है और आप बहुत बढ़िया खाना बनाने का हुनर जानते है तो आप आज से ही home based बिज़नेस स्टार्ट कर सकते है l यह एक बिज़नेस आईडिया फॉर women है l इसके लिए आप कुछ ऑफिस में संपर्क कर सकते है जहाँ से आपको बिज़नेस मिलने के पूरे चांसेस होते है l इसमे Customer खोजने की जरुरत नहीं होती, क्योकि वह पहले से ही मौजूद होते है। ये काम आप अपने घर से ही कर सकते हैं और इसमें आमदनी भी काफी अधिक है ।

## 43. रिसर्च बेस्ड बिज़नेस Research-based business

आज मार्केट में कई ऐसी कंपनियां है जो अपनी प्रतिस्पर्धा कंपनी से आगे रहने के लिए रिसर्च का काम करवाती है l साथ ही मार्केट में क्या नया है और बिज़नेस कैसे आगे बढ़ सकता है इसके बारे में भी रिसर्च का काम लगातार करवाती है l इस स्थिति में यदि आप रिसर्च का हुनर रखते है तो इस क्षेत्र में भी आप सफल हो सकते है l यह भी एक मोस्ट profitable बिज़नेस है l

## 44. टूर गाइड Tour guide

आज लोगो के पास अपने व्यवसाय में व्यस्तता के कारण समय का आभाव है, जिसके कारण जब भी उन्हें कोई टूर करना होता है तो वह टूर गाइड का सहारा लेते है l जो उन्हें सभी प्रकार की सेवाए प्रोवाइड कराता है, जिसमे उनके रेल / एयर टिकट / होटल बुकिंग घूमने का स्थान आदि सभी शामिल होते है l यदि आपकी इस क्षेत्र में रूचि है और आप लोगो की उनकी टूर प्लानिंग कर सकते है तो आप इस low investment बिज़नेस को शुरू कर सकते है l

## 45. ड्राइविंग स्कूल Driving School / Cab Service

यदि आपके पास ड्राइविंग स्किल्स है और एक व्हीकल खरीद सकते है तो यह काम आपके लिए लाभदायक हो सकता

है । क्योंकि एक बार व्हीकल खरीद कर आप महीने भर में 15 से 20 लोगो को व्हीकल चलाना सिखा सकते है इसके साथ ही आप किसी स्कूल या कॉलेज में किसी को ले जाने छोड़ने का काम करके भी अपने व्हीकल से फायदा ले सकते है ।

### 46. योगा क्लासेज Yoga Class

वर्तमान समय में तेज़ी से बढती हुई इंडस्ट्री वैलनेस की है । आज इस भागती हुई दुनिया में लोग अपने आपको समय देने लगे है, जिससे उन्हें मानसिक शांति मिल सके । ऐसे में लोग योगा का सहारा ले रहे है, यदि आप भी एक स्वस्थ इंसान है और आपको योगा के बारे में पूर्ण जानकारी है और इस बिज़नेस में रूचि रखते है तो आप योगा टीचर बनकर अपनी योगा क्लास शुरू कर सकते है । यह एक ऐसा बिज़नेस है जिसे बहुत ही कम लागत में शुरू करके अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है ।

### 47. ऑनलाइन सामान बेच कर Online Selling

दोस्तों यदि आपके पास एक अच्छा खासा ग्रुप है और आप सोशल मीडिया का उपयोग करते है तो यह बिज़नेस का आईडिया आपके लिए ही है । आज ऑनलाइन कई ऐसी वेबसाइट है जो अपने प्रोडक्ट को सेल करने के लिए आपको आपके अनुसार बीच का मार्जिन प्रोवाइड करती है, जिसमे आप अपने अनुसार मार्जिन सेट कर सकते है । यह एक रिटेल बिज़नेस आईडिया है ।

### 48. कुकिंग क्लासेज Cooking classes

शुरू से ही लोगो को स्वादिष्ट भोजन करना पसंद आता रहा है । आज हर महिला चाहती है कि वो स्वादिष्ट भोजन बना सके ऐसे में उसे एक सिखाने वाले की तलाश रहती है । यदि आप स्वादिष्ट भोजन बनाने का और सिखाने का हुनर रखते है तो यह एक न्यू बिज़नेस आईडिया हो सकता है, जिसे आप समय आने पर एक ब्रांड का नाम भी दे सकते है ।

### 49. नेटवर्क मार्केटिंग बिज़नेस MLM / Network Marketing Business

तेज़ी से बढ़ती इस बेरोजगारी के माहौल में नेटवर्क मार्केटिंग बिज़नेस लोगो की एक उम्मीद बना हुआ है । इसको शुरू करने के लिए आपको किसी की प्रकार के हुनर या एजुकेशन की आवश्यकता नही होती, क्योंकि नेटवर्क मार्केटिंग कंपनियां यह सब अपनी ट्रेनिंग में सिखाती है जिससे आप अपना खुद का व्यापार आरंभ कर सके । यह पूरी तरह से वर्क फ्रॉम home किया जा सकता है ।

## 50. मेडिकल सैंपल कलेक्शन का बिज़नेस Medical Sample Collection

बहुत ही कम प्रतिस्पर्धा वाला यह एक छोटी सी जगह से शुरू किया जाने वाला बिज़नेस आईडिया है l यदि आपको ब्लड ग्रुप और अन्य मेडिकल की जानकारी है तो यह काम आप शुरू कर सकते है इसके लिए आपको बॉडी के फ्लूइड को कलेक्ट करके उसे पैथोलॉजी पर पहुँचाना होता है l यह एक न्यू बिज़नेस आईडिया है l

## 51. सॉफ्टवेयर सिखाकर Software Training

इस कंप्यूटर के युग में यदि आप कंप्यूटर की भाषा जैसे C, C++, JAVA, HTML आदि के एक्सपर्ट है तो यह काम आप अपने घर से ही शुरू कर सकते है, इस गुण के माध्यम से आप लोगो को इसके बारे में ट्रेनिंग दीजिये और अपना बिज़नेस कीजिये l यह एक ऐसी लैंग्वेज है जिसे स्कूल में पढने वाले छात्रों को इसकी जरुरत होती है l

## 52. सैनिटाइजर का बिज़नेस करके Sanitizer Business

जैसा की हम सभी जानते है कि इस कोरोना महामारी से बचाव के लिए हम सभी जागरूक हो चुके है और इससे बचे रहने के लिए सेनिटाइजर का इस्तेमाल सभी द्वारा किया जा रहा है l ऐसे में इसे बनाना सीख कर आप इसका व्यापार कर सकते है l जिसमे काफी लाभ है और इसकी डिमांड भी लगातार रूप से बढ़ रही है l

## 53. मास्क बना कर Mask Making Business

आज प्रत्येक व्यक्ति द्वारा मास्क का उपयोग किया जा रहा है l इसे घर पर बनाना बहुत ही आसान है यदि आप इस बिज़नेस को शुरू करना चाहते है और आप इसके बारे ने थोड़ी सी भी जानकारी रखते है तो यह एक ऐसा बिज़नेस है जिसे घर से किया जा सकता है इसमें आप चाहे तो उत्पादन बढ़ाने के लिए घर के सदस्यों की सहायता भी ले सकते हैl

## 54. फेस शीइल्ड बना कर Face Shield Making Business

मार्केट में आसानी से उपलब्ध मोटी ट्रांसपेरेंट शीट द्वारा इस बिज़नेस को आरंभ किया जा सकता है l इसके लिए आपको किसी भी प्रकार की ट्रेनिंग या प्रशिक्षण की आवश्यकता नही है l इसे मार्केट की जरुरत को देखते हुए यदि आप अभी से यह बिज़नेस स्टार्ट करते है तो भविष्य में अच्छा मुनाफा कमा सकते है l

**55. वेडिंग प्लानर Wedding Planner**

वेडिंग प्लानर एक प्रोफेशनल होता है जो क्लाइंट की शादी के लिए जरुरी डिजाईन, प्लानिंग और प्रबंधन में मदद करता है 1 अधिकतर लोग व्यस्तता के कारण इस सर्विस का चुनाव करते है 1 जिसमे वो ध्यान रखते है कि उनकी शादी का कार्यक्रम अच्छे से Organize हो जाये 1 इसके लिए planner की फीस के रूप में शादी में हुए कुल खर्चे का कुछ प्रतिशत या उनकी फिक्स फीस होती है 1

**56. मोबाइल गेराज सेवा Mobile garage service**

अधिकतर समय रास्ते में कार ख़राब हो जाती है जिसके कारण लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है 1 यदि आपके पास अपना खुद का व्हीकल है तो आप इसे छोटे से निवेश के साथ मोबाइल गेराज में कन्वर्ट कर सकते है, और ख़राब हुए व्हीकल को उनकी जगह जाकर ठीक करके लोगो को समस्या से निकाल सकते है 1

**57. होम क्लीनिंग सेवा Home Cleaning Service**

लोग अक्सर बिजी दिनचर्या के कारण घर की साफ़ सफाई नही कर पाते ऐसे में वो मार्केट की सेवा लेते है 1 यदि आपको साफ सफाई करने में आनंद आता है तो यह बिज़नेस आप कर सकते है, ऐसा करने के लिए आप लोगो की मदद भी ले सकते है 1 साथ अपनी सेवा देने के बाद उनसे फीडबैक और दूसरे ग्राहक का रिफरेन्स भी ले सकते है 1

**58. स्पोर्ट कोचिंग Sports coaching**

यदि आप स्पोर्ट इंडस्ट्री में कोच बनने के लिए इच्छुक है और पैसा कमाना चाहते है तो यह व्यवसाय आपके लिए ही है एक सफल प्लेयर के लिए कोच एक अहम् भूमिका निभाता है कोच ही हमें दिशा, निर्देश और प्रशिक्षण देता है निम्न स्पोर्ट में से आप अपने लिए कोई भी चुन सकते है जिसमे आप को रूचि हो एथलीट, बैडमिंटन, बास्केट बोल, बॉक्सिंग, कुश्ती आदि 1

**59. फिटनेस कोच Fitness Coach**

असल में फिटनेस ट्रेनर, ग्रुप में चीजों को सिखाते है 1 इनका काम स्टूडेंट्स को निर्देश देना और करके दिखाना होता है 1

साथ ही सभी उम्र के लोगो के साथ काम करते है फिर भी इस बिसनेस को शुरू करने के लिए आपके पास स्पेसिफिक स्किल और ज्ञान की आवश्यकता होती है l आप दो तरह से इस बिसनेस को शुरू कर सकते है या तो आप क्लाइंट के घर जा-जाकर इस सेवा को दे सकते है और नही तो अपना फिटनेस सेण्टर खोल कर भी यह कार्य किया जा सकता है l

## 60. इंशोरेंस एजेंट बनकर कर Insurance Agent

लोग पहले की अपेक्षा आज बीमा को लेकर जागरूक है और अपना बीमा भी करा रहे है l ऐसे में आप भी किसी ब्रांडेड इंशोरेंस कंपनी से जुड़कर लोगो को यह सेवा प्रदान कर सकते है l जिसके एवज में आपको अच्छा खासा कमिशन मिलता है l

## 61. इवेंट मैनेजर Event Management / Organizer

जैसा कि हम सभी जानते है कि भारत देश में समय समय पर भिन्न भिन्न उत्सवो का आयोजन होता रहता है, और लोगो को इस मौके पर एक इवेंट मैनेजर की आवश्यकता पड़ती है l जिससे वो सभी छोटे-बड़े कामो का जिम्मा उस मैनेजर को दे सके और उत्सव के लिए फ्री रहे l ऐसे में मैनेजर की जिम्मेदारी इवेंट को सफल बनाने की होती है l

यदि आप चीजों को व्यवस्थित करने का हुनर रखते है तो आप भी ऐसे मौके पर अपना बिज़नेस शुरू कर सकते है, हालाँकि इसके लिए आपको स्टाफ की जरुरत होती है लेकिन यदि आप स्टाफ रखने में सक्षम नही है तो आप को ऐसे इवेंट के लिए वर्कर या स्टाफ किराये या रेंट पर भी मिल जाते है l यह एक बिज़नेस आईडिया है जो Fastest Growing Business में से एक है, जिस पर आप काम कर सकते है l

## 62. इंटीरियर डेकोरेटर Interior Decorator

हर व्यक्ति की दिली इच्छा होती है कि उसका ऑफिस या घर बहुत ही सुन्दर दिखे जिससे वहां आने वाले मेहमानों पर सकारात्मक प्रभाव पड़े, इसके लिय इंटीरियर डिजाईनर का सहारा लिया जाता है l आप भी इस very low investment बिज़नेस शुरू करके ऐसे लोगो की मदद कर सकते है l इसके लिए आपको आपकी फीस भी मिलती है l

## 63. कंसल्टेंसी सर्विस Consultancy services

आज के समय में देखा गया है कि कोई भी काम स्टार्ट करने से पहले लोग राय लेना पसंद करते है l वैसे तो राय एक ऐसी चीज़ है जो हर जगह फ्री में उपलब्ध है, लेकिन फिर भी लोग एक्सपर्ट की सलाह लेने के लिए आपको पे भी करते है l यदि आप भी अपने किसी क्षेत्र में एक्सपर्ट है और अपने इस हुनर का फायदा उठाना चाहते है तो आप आज से ही अपने घर से ही इस बिज़नेस को आरंभ कर सकते है, इस बिज़नेस को शुरू करने के लिए आपके पास किसी क्षेत्र में अच्छी खासी नोलेज होना चाहिए l

## 64. सोलर बिज़नेस Solar Business

तेजी से बढती हुई एनर्जी की डिमांड को देखते हुए दिन प्रतिदिन इसके लिए नए नए स्त्रोत आ रहे है ऐसे में सोलर एनर्जी के बिज़नेस में तेजी से इजाफा हुआ है l लगातार लोग इसकी ओर अग्रसर हो रहे है मार्केट में इसकी डिमांड लगातार बढ़ रही है, एक्सपर्ट से इसकी जानकारी लेकर आप यह बिज़नेस भी शुरू कर सकते है l

## 65. लैपटॉप रिपेयरिंग Computer Repairing

तेजी से बढ़ते हुए कंप्यूटर की आवश्यता को देखते हुए यह यदि आपको कंप्यूटर / लैपटॉप की रिपेयरिंग करने का ज्ञान है तो इस कार्य को आप घर से भी संचालित कर सकते है l इसके लिए आपको किसी प्रकार की दुकान खोलने की खास जरुरत नही होती l यदि आपको रिपेयरिंग का ज्ञान नही है तो घबराने की जरुरत नही है, आजकल कई सरकारी गैर सरकारी इंस्टिट्यूट यह कोर्स करा रहे है l ये कोर्स सामान्यतः तीन महीने का होता है, जिसमे आप आसानी से इस कोर्स को करके एक Computer Repairing Shop खोल सकते हैं l

## 66. बेकरी बिज़नेस Bakery Business

आम तौर पर सुबह के समय लोगो को टोस्ट या ब्रेड की जरुरत होती है l अत: आप यह सब बनाकर या होल सेल रेट पर खरीद कर यदि बेचते है तो अच्छा खासा मार्जिन ले सकते है l इसमें आप रिटेल बिज़नेस भी कर सकते है l आप लोगो को, home डिलीवरी भी कर सकते है l बेकरी बिज़नेस एक अच्छा और लॉन्ग टर्म बिज़नेस है इसे शुरू करने के लिए अधिक investment की जरुरत नही होती l

## 67. आभासी सहायक Virtual Assistant

वर्चुअल असिस्टेंट, यह एक सेल्फ एम्प्लोयेड होता है 1 जो प्रोफेशनल एडमिनिस्ट्रेटिव, तकनीकी आदि सेवाए क्लाइंट को घर से ही पहुँचाता है क्योकि यह कोई एम्प्लोयी नही होता, बल्कि स्वतंत्र कांट्रेक्टर होता है 1 यदि आप इस काम के लिए इच्छुक है तो इसके लिए आपको इन्टरनेट का ज्ञान होना जरुरी है 1 जिससे Computer पर ही इस कार्य का Management कर सके इसके लिए आपको बस उन कम्पनियों में Apply करना होगा जो Services खोज रही है 1

## 68. वाहन धोना का बिज़नेस Vehicle Wash Shop

इस व्यस्त दिन चर्या में अक्सर लोगो के पास अतिरिक्त कार्यो के लिए समय नही रहता 1 जिससे वो बाहर की सेवा लेते है इसी में एक सेवा व्हीकल वोश की भी है 1 यह अरर्निंग करने का आसान और सरल तरीका है, अपने घर में खाली पडी जगह पर इसे खोला जा सकता है 1 इस व्यापार को खोलने के लिए आपको व्हीकल वाशिंग मशीन खरीदने के लिए निवेश करना होगा 1

## 69. तैराकी प्रशिक्षक Swimming instructor

अपने को फिट रखने के लिए अधिकतर लोग स्विमिंग का सहारा लेते है, स्विमिंग करने से पहले इसे सिखा जाता है, यदि आपको स्विमिंग आती है और आप लोगो की स्विमिंग करने में मदद कर सकते है तो यह बिज़नेस को शुरू किया जा सकता है 1 इस बिज़नेस को शुरू करने के लिए आपको किसी भी प्रकार का इन्वेस्टमेंट करने की जरुरत नही होती 1 ऐसा करने के लिए आप वहां जा सकते है जहाँ पहले से ही स्विमिंग पूल हो 1

## 70. वाहन सेवा केंद्र Vehicle Service Center

खुद का वाहन सेवा केंद्र को ओपन कर के आप अपना खुद का बिज़नेस आज से ही शुरु कर सकते है 1 इसके लिए आपको कही भागने की जरुरत नही है 1 लोग अपने व्हीकल का प्रदूषण प्रमाण पत्र बनवाते है क्योंकि सड़क पर चलते हुए सभी बाहनों का प्रदूषण सर्टिफिकेट होना आवश्यक है 1 वरना उन्हें इसके लिए अच्छा खासा चालान देना पड़ता है 1 जिसके लिए वो आपको खुद ही ढूंढते हुए आपके पास आएंगे 1 इसको शुरू करने के लिए आपको सरकारी लाइसेंस लेने की आवश्यकता होगी 1

## 71. यूज्ड कार डीलरशिप Used Car Dealership

आज हर व्यक्ति चाहता है कि उसके पास एक कार हो, लेकिन हर व्यक्ति वो कीमत खर्च नही कर सकता 1 इसीलिए वो यूज्ड कार को खरीदना चाहता है वो इसके लिए ऐसे लोगो को तलाश

में रहता है जो कार बेचना चाहते हो अत: यदि आप उसकी मदद उसे कार दिलाने में करते है तो आप भी इसमें अपना बिज़नेस देख सकते है इसके लिए आपको कार बेचने वाले और खरीदने वालो के बारे में जानकारी रखना होगी 1

### 72. ऑनलाइन सप्लाई Online Supply

जैसा कि हम सभी जानते है कि इस कोविड -19 महामारी का समय चल रहा है और कोविड से कैसे बचा जाये इसके लिए सभी प्रयास कर रहे है 1 ऐसे में लोग अपने घरो से कम निकालना पसंद कर रहे है 1 जिसके कारण लोग ऑनलाइन का सहारा ले रहे है 1 यदि आप भी लोगो को उनकी आवश्यकता के अनुसार ऑनलाइन सर्विस दे सकें तो इस अवसर का लाभ आप ले सकते है और जीरो investment से शुरू होने वाले इस व्यवसाय में दिन दूनी रात चौगनी तरक्की कर सकते है 1

## निष्कर्ष Conclusion

दोस्तों आज के लेख में हमने आपको 70 से ऐसे कम लागत के कुटीर उद्द्योगों के बारे में बताया है जो आप 10 से 50 हजार रुपये का निवेश करके शुरू कर सकते हैं। आप न सिर्फ खुद को रोजगार दे सकते है बल्कि दूसरे लोगो को रोजगार दे सकते हैं। आशा करते हैं आपको हमारा लघु उद्योग पर लेख कैसा लगा जरुर बतायें।